प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.08.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज किर्गिस्तान की अपनी दो दिन की यात्रा के पहले दिन राजधानी बिश्केक में 'फ्रेंड्स ऑफ इंडिया' के साथ संवाद किया। इस अवसर पर योग, मानस अकादमी सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ मिलकर कार्य करने वाले चार प्रतिनिधिमंडल मौजूद थे। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने बिश्केक स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री आज शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। इनमें रूस, ईरान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया के राष्ट्राध्यक्षों के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठकें शामिल हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी कल अपनी किर्गिस्तान यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन शंघाई सहयोग संगठन के छब्बीसवें शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

0000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज नामांकन का आखिरी दिन होने के चलते नामांकन स्थलों पर प्रत्याशियों का जमावडा लगा हुआ है। विभिन्न जिलों में नामांकन पत्र भरने वाले लोग अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पंहुच रहे है। राजधानी जयपुर में भी कलेक्ट्रेट में बड़ी संख्या में प्रत्याशी नामांकन के लिए पहुंचे हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस की माकूल व्यवस्था की गई है। इस बीच जयपुर नगर निगम के लिए भाजपा ने आज उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। निगम के 150 वार्डों में से 145 वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं, जबकि शेष वार्डों के नाम विचाराधीन हैं। वहीं कांग्रेस की सूची का इंतजार है। थोडी देर में सूची जारी होने की संभावना है। प्रत्याशी दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी और तीन सितंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चार सितंबर को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। प्रदेश में नौ और 11 सितंबर को दो चरणों में मतदान होगा, जबकि मतगणना 14 सितंबर को होगी। नगर निकाय अध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को कराया जाएगा।

0000

आठवें वेतन आयोग की टीम जयपुर दौरे पर है। आज टीम अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रही है। टीम इन दिनों जयपुर में केंद्रीय कर्मचारियों और कर्मचारी संगठनों से भी सुझाव ले रही है। आयोग के दल ने 31 कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधे मुलाकात भी की है। संवाद के दौरान नए वेतनमान, फिटमेंट फैक्टर, वार्षिक वेतन वृद्धि और न्यूनतम मूल वेतन सहित विभिन्न मुद्दों पर सुझाव लिए जा रहे हैं। दोपहर बाद दल का एचसीएम रीपा में महिला प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद का कार्यक्रम है। आयोग के प्रतिनिधिमंडल में सदस्य सचिव पंकज जैन, अतिरिक्त सचिव बृजेंद्र नवनीत और संयुक्त सचिव नीरज कुमार गायानी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

0000

जोधपुर में रेल यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए लोकोमोटिव में नया विजिलेंस स्विच सिस्टम लगाया गया है। रेलवे ने आरडीएसओ के नए मानकों के अनुरूप भगत की कोठी शेड के 166 इलेक्ट्रिक और डीजल इंजनों में यह व्यवस्था की है। नए सिस्टम से लोको पायलट के लंबे समय तक कोई गतिविधि नहीं करने पर ट्रेन में स्वचालित रूप से आपातकालीन ब्रेक लग सकेंगे। नए सिस्टम में ड्राइवर डेस्क पर हैंड ऑपरेटेड पुश बटन लगाया गया है। अधिक ब्यौरा दे रहे है हमारे जोधपुर संवाददाता।

0000

राज्य में जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों की सेहत, पोषण और विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। भारत सरकार की पहल के तहत इसे शुरुआती तौर पर अलवर और भरतपुर में पायलट आधार पर लागू किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के तहत बच्चों की नियमित निगरानी कर जोखिम वाले बच्चों की समय पर पहचान की जाएगी। ऐसे बच्चों का घर पर फॉलोअप किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल भेजा जाएगा।

आशा कार्यकर्ताओं को बच्चों की जानकारी दर्ज करने और निगरानी के लिए 'शैशव ऐप' उपलब्ध कराया जाएगा। इसके जरिए अस्पताल भेजे गए बच्चों का फॉलोअप और आवश्यक अलर्ट भी मिल सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की समय पर देखभाल सुनिश्चित कर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर कम करने में मदद करना है।

0000

भारतीय नौसेना में आज एक और आधुनिक पोत शामिल किया गया। निस्तार श्रेणी के दूसरे डाइविंग सपोर्ट पोत आईएनएस निपुण को मुंबई में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने कहा कि आईएनएस निपुण नौसेना के पानी के भीतर किए जाने वाले विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विशाखापत्तनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने इस पोत का डिजाइन और निर्माण देश में ही किया है। आईएनएस निपुण को गहरे समुद्र में गोताखोरी और जटिल अभियानों के लिए तैयार किया गया है।

0000